CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 260 ▫ रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बड़े उत्साह से मनाया गया विजया दशमी, जगह-जगह रावण दहन







**रायपुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। विजयादशमी के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी रायपुर के डब्ल्यूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। रामलीला और आतिशबाजी के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णु देव साय ने रिमोट से बटन दबाकर छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े 101 फ़ीट के रावण के पुतले का दहन किया। इस भव्य आयोजन में शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

सीएम विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान प्रदेशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा, पिछले 53 वर्षों से यहाँ रावण वध का आयोजन किया जा रहा है। भगवान राम हमारे भांजा हैं और यह पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा, आज हम सभी संकल्प लें कि प्रदेश में जो भी बुराई है, उसे राम, लक्ष्मण और हनुमान की तरह दूर करेंगे। तभी विजयादशमी का पर्व विशेष होगा। उन्होंने सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि चाहे कितनी भी परेशानियां और कठिनाइयां आएं, अंत में विजय सत्य की ही होती है। इस बार का विजयादशमी पर्व विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि 500 वर्षों के बाद भगवान रामलला अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस पावन पर्व की कामना करते हुए कहा कि यह सभी के जीवन से नकारात्मकता और कठिनाइयों का अंत कर सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

**प्रदेश में जो भी बुराई है, उसे राम-लक्ष्मण और हनुमान की तरह करेंगे दूर : साय**

इसी तरह रायपुर के ऐतिहासिक रावण भाठा मैदान में रावण वध किया गया। दूधाधारी मठ से भगवान श्रीराम - बालाजी भगवान रावण वध के शाम में पूरे अपने जलसे के साथ निकले और रावण भाठा में आतिशबाजी और अखाड़ों के साथ रावण दहन हुआ। सप्रेस स्कूल मैदान बूढ़ापारा में जबदस्त आतिशबाजी हुई और 50 फीट से ऊपर रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण का पुतला दहन किया गया। इसी प्रकार राजेन्द्र नगर, चौबे कॉलोनी, भाठागांव, बीरगांव, शंकर नगर तथा गुढ़ियारी के सीएसईबी मैदान तथा पड़ाव में 50 से ऊपर रावण के पुतले का दहन किया गया।

## ट्रैक्टर ट्रॉली के पलटने से 3 लोगों की मौत



**जशपुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे में 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. जिसमें से दो घायलों की हालत गंभीर है. वहीं घटना के बाद कोहराम मच गया है. मिली जानकारी के अनुसार, दहशरा पर्व के मौके पर सुरेशपुर हर्रामार गांव में नाटक का आयोजन किया गया था. जिसे देखने के लिए पंडरीपानी से करीब 30 ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर गए थे. नाटक देखने के बाद लौटते समय रविवार की तड़के 4 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मिर्जापुर गांव के समीप सड़क के किनारे पलट गई. हादसे में 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं आठ लोग घायल हो गए. तत्काल सभी घायलों को सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया हैं।

**दशहरा से वापस लौट रहे थे ग्रामीण**

## ब्रेकिंग न्यूज

### मणिपुर में उग्रवादी संगठन पीआरईपीएकेके 2 कैडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। ये दोनों कैडर कथित तौर पर राज्य की राजधानी इंफाल में व्यापारियों से जबरन वसूली में शामिल थे। पुलिस ने बताया कि शनिवार को गिरफ्तारी के दौरान उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक दोपहिया वाहन जब्त किया गया।

### पीएम के खिलाफ बयान मामला थरूर की अर्जी पर कल सुनवाई

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में पीएम नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई उनकी शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया गया था। 10 सितंबर को थरूर की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ दायर मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

### अभिनेत्री को बदनाम करने पर 3 मलयालम कलाकारों पर केस

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। केरल में अपने यूट्यूब चैनलों के माध्यम से एक अभिनेत्री को बदनाम करने के आरोप में तीन मलयालम कलाकारों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि टीवी और फिल्म अभिनेत्री बीना एंटोनी, उनके अभिनेता-पति मनोज और अभिनेत्री स्वासिका पर अभिनेत्री का अपमान करने के भी आरोप हैं। नेदुम्बसेरी पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने हाल ही में न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट जारी होने के बाद मलयालम सिनेमा के कुछ प्रमुख अभिनेताओं के खिलाफ आरोप लगाए थे, जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थीं।

### सुभाष गुप्ता बने सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में भारत के उच्चायुक्त

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष प्रसाद गुप्ता को सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में देश के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 2006 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। इस साल जुलाई में गुप्ता को सूरीनाम में देश का राजदूत नियुक्त किया गया था।

## भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली परिवर्तनकारी पहल : नरेन्द्र मोदी



**पीएम गति शक्ति के 3 साल पूरे**

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) को तीन साल पूरे हो गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। बता दें, प्रधानमंत्री ने 13 अक्टूबर 2021 को पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना था।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने आगे कहा, %विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, गतिशक्ति की बदौलत भारत विकसित भारत के हमारे विज़न को पूरा करने के लिए गति बढ़ा रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया।

## 130 गायों के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह गिरफ्तार



**मवेशियों को महाराष्ट्र और एमपी में बेचते थे आरोपी**

**खैरागढ़,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। अंतर्राज्यीय पशु तस्करी करने वाले बड़े गिरोह का खैरागढ़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है. ये गिरोह खैरागढ़ जिले के वनांचल क्षेत्र में घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर जंगल मार्ग से पैदल महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश ले जाकर पशुवों को बेच देते थे. पूरे मामले का खुलासा आज एसपी त्रिलोक बंसल ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया.

एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम महुवाढार के जंगलों में वन मार्ग से सैकड़ों गाय लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे है. इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर कुल 130 नग गौ वंश के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. एसपी ने बताया, पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस को अंतर्राज्यीय गौ तस्करी के सरगना बालाघाट जिले के निवासी सबर अली खान के बारे में पता चला. मामले के बाद से ही सबर अली फरार चल रहा था, जिसे आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बता दें कि इस मामले में अब तक अन्तर्राज्यीय गिरोह के सरगना समेत सात अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की संपत्ति को भी राजसात करने की तैयारी कर रही है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या से जुड़ा बिश्नोई गैंग का नाम



**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई पुलिस के मुताबिक, अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला किया। आनन-फानन में बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचाने में कामयाब नहीं हो सके। पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार किया है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, %यह दुखद और गंभीर घटना है। बाबा सिद्दीकी से मेरी गहरी दोस्ती थी। इस तरह की घटना से हम सभी स्तब्ध हैं। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच जारी है। आज आरोपियों की हिरासत मिलने के बाद पुलिस ब्रीफिंग करेगी। जो थ्योरी आ रही है, वह आधिकारिक नहीं है। कुछ एंगल देखे जा रहे हैं और जांच चल रही है। इतनी गंभीर घटना के बाद भी उन्हें (शरद पवार) सिर्फ सत्ता चाहिए। महाराष्ट्- बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, यह दुखद और गंभीर घटना है। बाबा सिद्दीकी से मेरी गहरी दोस्ती थी। इस तरह की घटना से हम सभी स्तब्ध हैं। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच जारी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बाबा सिद्दीकी की हत्या को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जोड़ने की कोशिश की गई है। पुलिस इस सोशल मीडिया पोस्ट की पुष्टि करने में जुटी है। इस पोस्ट में कहा गया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री की हत्या करने की जिम्मेदारी ली है। 66 वर्षीय एनसीपी नेता की शनिवार की रात मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के ठीक बाहर गोली मार दी थी।

## नोएडा में पूर्व मेजर जनरल को डिजिटल अरेस्ट कर 2 करोड़ रुपये ठगे, 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। गौतम बुद्ध नगर की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल को 'डिजिटल अरेस्ट' कर दो करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले मे तीन आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है।

'डिजिटल अरेस्ट' में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से गिरफ्तार हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। साइबर क्राइम पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट कर धोखाधड़ी के लिए एक बैंक खाता उपलब्ध कराया था। ठगी की वारदात थाईलैंड में बैठे साइबर अपराधियों के गिरोह ने की थी। पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) प्रीति यादव ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपुर निवासी कानाराम (30), ललित कुमार (22) और सचिन कुमार (30) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर-31 निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल ने 28 अगस्त को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके साथ दो करोड़ रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित के अनुसार, उन्हें पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया था। ठगी से पहले फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। उन्हें बताया गया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक पार्सल ताइवान भेजा जा रहा था, जिसमें पांच पासपोर्ट, चार बैंक के क्रेडिट कार्ड, कपड़े, 200 ग्राम मादक पदार्थ और एक लैपटॉप समेत अन्य अवैध सामान है।

## दशहरा देखकरलौट रहे युवकों पर हाथियों के झुंड ने किया हमला, 1 की मौत



**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। झारखंड के गढ़वा में हाथियों के झुंड ने आतंक मचाया हुआ है। आए दिन हाथी किसी न किसी पर हमला करते ही रहते हैं। ताजा मामला गढ़वा जिले का है। यहां हाथियों के झुंड ने दशहरा देखकर घर लौट रहे युवक को कुचलकर मार डाला।

बताया जा रहा है कि कुछ युवक बीते शनिवार की रात को दशहरा देखकर अपने गांव चुटिया लौट रहे थे। इस दौरान हाथियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। 3 युवकों ने भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन एक युवक हाथियों से अपनी जान बचाने में असफल रहा। हाथियों के झुंड ने 28 वर्षीय युवक को कुचल कर मार डाला। वहीं, भागकर अपनी जान बचाने वाले युवकों ने गांव पहुंचने के बाद इस बात की सूचना दी। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीण रात में टॉर्च लेकर जंगल पहुंचे। थोड़ी देर खोजबीन के बाद शव बरामद कर लिया गया। इधर रात में ही वन विभाग के वनपाल कमलेश कुमार सहित अन्य कर्मी भी पहुंचे थे।

## तलाक के बाद ससुराल में नहीं रह सकती महिला: हाईकोर्ट



**बिलासपुर,** 13 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सिंगल बेंच द्वारा जारी अवमानना आदेश को रद्द कर दिया है। यह मामला तलाकशुदा दंपती शैलेश जैकब और मल्लिका बल के बीच विवाद से जुड़ा है, जिसमें पत्नी को ससुराल में अलग कमरे की व्यवस्था न मिलने पर अवमानना की याचिका दायर की गई थी। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं की अपील स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि इस परिस्थिति में अदालत के आदेश की कोई अवमानना नहीं हुई है।

जरहाभाटा, बिलासपुर निवासी शैलेश जैकब और मल्लिका बल के बीच विवाह के कुछ समय बाद ही मतभेद उत्पन्न हो गए थे, जिसके चलते मल्लिका ने शैलेश की मां, भाई और बहन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए मजिस्ट्रेट अदालत में आवेदन किया था, जो खारिज हो गया। इसके बाद सेशन कोर्ट में भी अपील की गई, लेकिन वहां भी आवेदन अस्वीकार कर दिया गया। अंततः मल्लिका बल ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की। इस दौरान शैलेश की मां का निधन हो गया और दोनों का तलाक भी विधिवत रूप से हो गया।

हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मल्लिका बल की अपील पर सुनवाई करते हुए पति और परिवार के खिलाफ चार्ज फ्रेम कर दिए थे और पत्नी को ससुराल में अलग कमरा देने का निर्देश दिया था। जब पति द्वारा अलग कमरे की व्यवस्था नहीं की गई, तो मल्लिका ने अवमानना याचिका दायर की, जिस पर हाईकोर्ट ने अवमानना नोटिस जारी किया। इस नोटिस को शैलेश जैकब ने अपने वकील टी. के. झा के माध्यम से डिवीजन बेंच में चुनौती दी। डिवीजन बेंच के जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू और जस्टिस रजनी दुबे ने मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि तलाक के बाद दोनों का एक ही घर में साथ रहना संभव नहीं है। इसके साथ ही पति ने बताया था कि जिस मकान में वह रहते हैं वह क्रिश्चियन मिशन की प्रॉपर्टी है। उन्होंने एक किराये के मकान में अलग कमरा देने की भी पेशकश की थी। अदालत ने यह मानते हुए कि आदेश की अवमानना नहीं हुई है, याचिका को निरस्त कर दिया।

CMYK